भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 401

जिसका उत्तर मंगलवार, 3 फरवरी, 2026/14 माघ, 1947 (शक) को दिया गया

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) द्वारा बट्टे खाते में डाले गए ऋणों का कुल मूल्य

401. श्री हारिस बीरान:
श्रीमती फूलो देवी नेतम:
श्रीमती रंजीत रंजन:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2025-26 तक की अवधि के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) द्वारा बट्टे खाते में डाले गए ऋणों का कुल मूल्य कितना है, पिछले पांच वर्षों का बैंक-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इस अवधि के दौरान पीएसबी द्वारा बट्टे खाते में डाले गए शीर्ष 50 सबसे बड़े कॉर्पोरेट खातों का बैंक-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) इसी अवधि में बट्टे खाते में डाले गए और विशेष रूप से किसानों के लिए बट्टे खाते में डाले गए ऋणों का मूल्य कितना है, बैंक-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क): वित्तीय वर्ष 2021-22 से वित्तीय वर्ष 2025-26 (सितंबर 2025 तक) के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) द्वारा बट्टे खाते डाली गई गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) का बैंकवार और वर्षवार ब्यौरा **अनुबंध-1** में दिया गया है।

(ख): भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने यह सूचित किया है कि कॉर्पोरेट खातों की श्रेणी में बट्टे खाते डाले गए गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) से संबंधित सूचना उसके द्वारा नहीं रखी जाती है। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और भुगतान बैंक को छोड़कर) और अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान 5 करोड़ रुपये या उससे अधिक के कुल ऋण वाले सभी उधारकर्ताओं की कतिपय ऋण संबंधी सूचना बड़े ऋणों पर सूचना के केंद्रीय भंडार (सीआरआईएलसी) को रिपोर्ट करते हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 से वित्तीय वर्ष 2025-26 (दिसंबर 2025 तक) की अवधि के लिए बड़े ऋणों पर सूचना के केंद्रीय भंडार (सीआरआईएलसी) में रिपोर्ट किए गए शीर्ष 50 उधारकर्ताओं की 'तकनीकी/विवेकपूर्ण रूप से बट्टे खाते डाली गई राशि - बकाया' पर बैंकवार सूचना **अनुबंध-2** में दी गई है।

(ग): भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने यह स्पष्ट किया है कि किसानों के संबंध में माफ किए गए या बट्टे खाते डाले गए ऋणों का रिकॉर्ड उसके पास नहीं रखा जाता है। हालांकि, 'कृषि और संबद्ध गतिविधियां' श्रेणी में बट्टे खाते डाले गए ऋणों से संबंधित सूचना आरबीआई द्वारा एकत्रित की जाती है। इसलिए, वित्तीय वर्ष 2021-22 से वित्तीय वर्ष 2025-26 (सितंबर 2025 तक) के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा घरेलू परिचालन के लिए 'कृषि और संबद्ध गतिविधियां' श्रेणी में बट्टे खाते डाले गए ऋणों का ब्यौरा **अनुबंध-3** में दिया गया है।

*****

अनुबंध-1

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा बट्टे खाते डाले गए ऋणों के कुल मूल्य के संबंध में राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 401

वित्तीय वर्ष 2021-22 से सितंबर 2025 तक पीएसबी द्वारा बट्टे खाते डाले गए एनपीए का विवरण (वित्तीय वर्ष-अप्रैल से अब तक)

(राशि करोड़ रुपए में)

बैंक	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2022-23	वित्तीय वर्ष 2023-24	वित्तीय वर्ष 2024-25	30 सितंबर# 2025
बैंक ऑफ बड़ौदा	17,967	17,998	10,518	8,796	3,274
बैंक ऑफ इंडिया	10,443	8,694	9,897	7,959	3,807
बैंक ऑफ महाराष्ट्र	3,118	1,491	990	796	581
केनरा बैंक	8,210	12,760	11,827	14,350	6,577
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	1,236	10,258	10,001	3,370	881
इंडियन बैंक	8,347	7,952	8,734	4,916	2,638
इण्डियन ओवरसीज बैंक	3,769	3,412	7,179	3,885	347
पंजाब एंड सिंध बैंक	1,134	2,283	796	1,521	232
पंजाब नैशनल बैंक	18,312	16,578	18,317	12,159	3,201
भारतीय स्टेट बैंक	19,666	24,061	16,161	20,309	8,501
यूको बैंक	3,851	2,575	1,938	1,566	753
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	19,484	19,175	18,264	11,634	4,304

स्रोत: आरबीआई, वैश्विक संचालन। #सितंबर 2025 के लिए आरबीआई का अनंतिम आँकड़ें।

*****

अनुबंध-2

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा बट्टे खाते डाले गए ऋणों के कुल मूल्य के संबंध में राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 401

शीर्ष 50* उधारकर्ताओं के मेमो/शैडो हेड्स आदि में 'तकनीकी/विवेकपूर्ण रूप से बट्टे खाते डाली गई राशि - बकाया' (की स्थिति के अनुसार)

(राशि करोड़ रुपए में)

बैंक	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2022-23	वित्तीय वर्ष 2023-24	वित्तीय वर्ष 2024-25	31 दिसंबर# 2025
बैंक ऑफ बड़ौदा	-	2,105	-	-	-
बैंक ऑफ इंडिया	-	-	-	-	-
बैंक ऑफ महाराष्ट्र	-	-	-	-	-
केनरा बैंक	-	-	-	-	-
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	-	-	-	53	-
इंडियन बैंक	-	-	-	-	-
इण्डियन ओवरसीज बैंक	-	-	-	316	-
पंजाब एंड सिंध बैंक	-	-	-	-	-
पंजाब नैशनल बैंक	421	421	-	-	-
भारतीय स्टेट बैंक	3,811	-	37	37	37
यूको बैंक	3,032	2,717	1,633	1,633	1,579
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	3,367	-	-	-	-

स्रोत: आरबीआई, वैश्विक संचालन। #दिसंबर 2025 के लिए आरबीआई के अनंतिम आँकड़ें।

* संदर्भ तिथि के अनुसार सीआरआईएलसी में बैंकों द्वारा रिपोर्ट की गई कुल वित्त पोषित बकाया राशि के आधार पर बैंक-वार शीर्ष 50 उधारकर्ताओं पर विचार किया गया।

*****

अनुबंध-3

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा बट्टे खाते डाले गए ऋणों के कुल मूल्य के संबंध में राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 401

'कृषि और संबद्ध गतिविधियों' श्रेणी के लिए पीएसबी द्वारा बट्टे खाते डाले गए एनपीए का ब्यौरा (वित्तीय वर्ष-अप्रैल से अब तक)

(राशि करोड़ रुपए में)

बैंक	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2022-23	वित्तीय वर्ष 2023-24	वित्तीय वर्ष 2024-25	30 सितंबर# 2025
बैंक ऑफ बड़ौदा	446	1,139	3,056	671	357
बैंक ऑफ इंडिया	571	866	17	1,270	503
बैंक ऑफ महाराष्ट्र	599	597	161	288	141
केनरा बैंक	278	2,525	351	610	1,779
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	212	1,273	1,866	135	382
इंडियन बैंक	177	688	1,486	1,458	966
इण्डियन ओवरसीज बैंक	219	372	692	303	103
पंजाब एंड सिंध बैंक	84	48	-	0	-
पंजाब नैशनल बैंक	342	1,478	2,166	1,558	556
भारतीय स्टेट बैंक	2,749	4,777	4,575	4,174	2,036
यूको बैंक	661	478	282	187	58
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	2,366	1,310	4,250	2,364	673

स्रोत: आरबीआई, घरेलू परिचालन। #सितंबर 2025 के लिए आरबीआई के अनंतिम आँकड़ें।

*****